यूसर्क के पाँच विज्ञान चेतना केंद्रों को गोद लेगा श्रीदेव सुमन विवि

चर्चा में क्यों?

6 अगस्त, 2023 को प्रदेश में विज्ञान शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार व छात्रों में वैज्ञानिक रुचि के विकास के लिये उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) और टिहरी गढ़वाल के बादशाही थौल स्थित श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के बीच एमओयू किया गया।

प्रमुख बिंदु

- यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत व विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इस समझौते के आधार पर दोनों संस्थान प्रदेश में विज्ञान शिक्षा एवं वैज्ञानिक अनुसंधानों को स्तरीय बनाने का काम करेंगे।
- श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय यूसर्क की ओर से संचालित 200 से अधिक विज्ञान चेतना केंद्रों में से कम-से-कम पाँच केंद्रों को गोद लेकर उनमें विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का संचालन करेगा। विद्यालय के छात्रों को अपने विश्वविद्यालय से विभिन्न सुविधाएँ प्रदान करेगा।
- श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जोशी ने कहा कि इस समझौते से जहाँ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों को यूसर्क की वैज्ञानिक गतिविधियों का भरपूर लाभ मिलेगा, वहीं अन्य छात्र भी दोनों संस्थाओं के इस प्रयास से लाभान्वित होंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sridev-suman-university-will-adopt-five-science-consciousness-centers-of-usrk